हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 27 मई 2026

04 पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क...



07 गंगा दशहरा पर तुलसी सरोवर विशाल गंगा आरती का आयोजन



समाचार संक्षेप

आदिम जाति कल्याण विभाग के स्थाई कर्मियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



गुना। आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त कलेक्टर श्री खेमरिया को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में विभिन्न छात्रावासों में कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं को नियमित किए जाने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें स्थायी दर्जा नहीं दिया गया है। इस दौरान लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंदन सिंह परिहार सहित विभिन्न छात्रावासों में कार्यरत अस्थायी कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

ग्राम कोटवार को सेवा खातेदार की भूमि का दिलाया गया कब्जा

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी आरोन सुश्री महिमा चौधरी के मार्गदर्शन में तहसील आरोन के ग्राम घटावदा के कोटवार हेमराज अहिरवार पुत्र बलराम अहिरवार को ग्राम घटावदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 36, 59, 350, 352 रकवा क्रमशः 1.254, 1.087, 0.606, 1.097 हेक्टयर भूमि को मोके पर चिन्हित करवाकर कोटवार को मौके पर कब्जा दिलाया गया। उक्त कार्यवाही का पंचनामा तैयार किया गया।इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार आरोन अमित जैन, राजस्व निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह बरैया, हल्का पटवारी अरशद खान, पटवारी मीरा पटेलिया, अंकिता मिंज, ग्राम कोटवार दल सहित ग्रामीणजन पंचान उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में 298 आवेदन, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

गुना। जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े कुल 298 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। आर्थिक रूप से कमजोर और गंभीर बीमारी से पीड़ित आवेदकों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से कुल 25 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। इनमें कैंसर पीड़ित नगमा बेगम को 10 हजार रुपये, सगीर खान को 10 हजार रुपये तथा कमलेश रजक को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए।जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी जांच, निःशुल्क कानूनी सहायता सहित विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया।

गुनिया नदी के जीर्णोद्धार की दिशा में बड़ा कदम, 80.22 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा

गुना। शहर के बीचों-बीच बहने वाली ऐतिहासिक गुनिया नदी के पुनर्जीवन और जीर्णोद्धार की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय को 80 करोड़ 22 लाख रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजी है ।यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद तैयार किया गया है, जो हाल ही में गुना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया था। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी गुनिया नदी के पुनर्जीवन का मुद्दा उठाया था।

बस ऑपरेटर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर पुलिस और आरटीओ विभाग ने साफ संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

"यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित सफर और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में गुना पुलिस का बड़ा कदम

.गुना में बस ऑपरेटर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर पुलिस और आरटीओ विभाग ने साफ संदेश दिया है कि अब सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में ट्रैफिक थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह द्वारा आरटीओ अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य एवं उनकी टीम के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक आयोजित इस बैठक में जिले के सभी बस ऑपरेटर्स शामिल हुए, जहां आमजन की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में बसों में इमरजेंसी गेट, फायर अलार्म सिस्टम, अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही बसों



की वायरिंग, टायर, इलेक्ट्रिक सिस्टम और विंडस्क्रीन को सुरक्षित एवं दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाली किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहन चालक का नशामुक्त होना, वैध ड्राइविंग लाइसेंस और सभी दस्तावेज अपडेट रखना भी अनिवार्य बताया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि बसों में ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थों का परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं तकनीकी खराबी पाए जाने पर वाहन संचालन न करने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस और आरटीओ विभाग ने सभी बस संचालकों से समय-समय पर वाहनों की सर्विसिंग कराने और यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। सुरक्षित यात्रा ही जिम्मेदार परिवहन व्यवस्था की पहचान है और इसी उद्देश्य के साथ गुना पुलिस अब यातायात सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सख्त नजर आ रही है।

कैंट रोड पर किराना दुकान में भीषण आग

शॉर्ट सर्किट से लाखों का रुपए नुकसान, बंद दुकान के शटर तोड़ने बुलानी पड़ी जेसीबी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट रोड स्थित हीरा बाग के सामने मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंद पड़ी "संतोष किराना" दुकान से अचानक धुएं के गुबार उठने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान धुएं और लपटों से घिर गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

परिवार बाहर गया था, पड़ोसियों ने दी सूचना

जानकारी के अनुसार दुकान संचालक संतोष साहू अपने परिवार के साथ किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा। कुछ ही मिनटों में स्थिति गंभीर हो गई और स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को सूचना दी।घटना की खबर मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया, क्योंकि दुकान घनी आबादी और व्यस्त मार्ग पर स्थित है।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम के सामने सबसे बड़ी समस्या दुकान का पूरी तरह बंद होना थी। मजबूत लोहे के शटर पर भारी ताले लगे हुए थे, जिसके कारण अंदर पानी डालना संभव नहीं हो पा रहा था। दुकान के भीतर आग तेजी से फैलती जा रही थी और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल जेसीबी मशीन बुलवाई।

जेसीबी की सहायता से शटर के भारी-भरकम ताले तोड़े गए और शटर को ऊपर उठाया गया। इसके अलावा दुकान के पिछले हिस्से का गेट भी तोड़ना पड़ा, ताकि दमकल कर्मी अंदर पहुंच सकें।

घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

ऊपरी मंजिल तक आग पहुंचती तो हो सकता था बड़ा हादसाशटर खुलने के बाद दमकल कर्मियों ने लगातार पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि आग ऊपर बनी रहवासी मंजिल तक पहुंच जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। समय रहते आग पर



नियंत्रण होने से एक बड़ी जनहानि टल गई।

किराना सामग्री, फर्नीचर और इलेक्ट्रिक उपकरण खाक

इस भीषण अग्निकांड में दुकान के भीतर रखा किराना सामान, फर्नीचर, फ्रिज, इलेक्ट्रिक वायरिंग और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 10 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।घटना के बाद दुकान संचालक संतोष साहू और उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

शॉर्ट सर्किट माना जा रहा आग का कारण

पुलिस और प्रशासन ने शुरू की जांचप्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आ रही है। हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। आसपास लगे बिजली कनेक्शन और वायरिंग की भी जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

पोस्ट ग्रेजुएशन में छात्रावास नवीनीकरण की मांग लेकर जनसुनवाई पहुंचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे छात्रों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर छात्रावास नवीनीकरण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। छात्रों ने आरोप लगाया कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है और पोस्ट ग्रेजुएशन के बावजूद छात्रावास में रहने की अनुमति नहीं दी जा रही है।छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया कि वे पहले भी इस संबंध में प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। छात्रों का कहना है कि प्रदेश के अन्य जिलों और कई छात्रावासों में पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रावास में रहने की अनुमति दी जा रही है। उदाहरण के तौर पर अशोकनगर के कन्या छात्रावास, गुना के ओबीसी छात्रावास सहित अन्य जिलों के छात्रावासों का उल्लेख किया गया।आवेदन में यह भी बताया गया कि वर्तमान छात्रावास में एमएससी और एमए कर रहे छात्र निवास कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें 30 मई 2026 तक छात्रावास खाली करने के आदेश दिए गए हैं। छात्रों ने इसे असमानता पूर्ण व्यवहार बताते हुए प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। छात्रों ने जिलाधीश से आग्रह किया कि पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे विद्यार्थियों का छात्रावास में नवीनीकरण कराया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से स्वयं छात्रावास का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखने की भी मांग की।



डकैती की साजिश नाकाम, पांच बदमाश गिरफ्तार, हथियार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना पुलिस ने कोम्बिंग गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए मणिधारी कॉलोनी में डकैती की योजना बना रहे 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी वारदात समय रहते टल गई।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नानाखेड़ी क्षेत्र स्थित मणिधारी कॉलोनी के पीछे हाईवे किनारे कुछ संदिग्ध लोग हथियारों के साथ एकत्र होकर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद कैंट थाना, को त वा ली , धरनावदा, पुलिस लाइन और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौके पर घे रा बं दी की । पु लि स कार्रवाई के दौरान लगभग 10 संदिग्धों में से 5 को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि 5 आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, लोहे की सरिया, इलेक्ट्रिक कटर, हथौड़ा, रिंच, पेचकस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपियों ने मणिधारी कॉलोनी में डकैती की योजना बनाने की बात स्वीकार की है। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रात्रि गश्त और सतर्क पुलिसिंग की बड़ी सफलता बताया है।



गुना में बड़ी कार्रवाई: दो बाइकों से 4 तस्कर गिरफ्तार, 10 किलो से अधिक गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले के मृगवास थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बाइकों पर सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.157 किलो गांजा, दो मोटरसाइकिलें और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीनागंज से कुंभराज होते हुए चार लोग गांजा लेकर राजस्थान की ओर जा रहे हैं।

इसके बाद थाना प्रभारी संदीप यादव के नेतृत्व में टीम ने छबड़ा रोड स्थित बड़ोद गांव के पास घेराबंदी की।जांच के दौरान दो बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में ब्रह्मानंद मीना और ललित मीना गुना जिले के निवासी हैं, जबकि गरीबसूना और गुणसागर टांडी ओडिशा के बलांगीर जिले के रहने वाले बताए गए हैं। तलाशी में ओडिशा निवासी दोनों आरोपियों के बैग से खाकी टेप में लिपटे गांजे के पैकेट बरामद हुए।

एक पैकेट का वजन 5.122 किलो और दूसरे का 5.035 किलो पाया गया।पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है।

युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार और स्वरोजगार कार्यक्रम हुआ संपन्न

रोजगार, स्वरोजगार, और युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का बड़ा प्रयास

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा— "गुना गुलाब और गुनिया देखेगी दुनिया...

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते ही बना...जहां एक ही मंच पर रोजगार, प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में किया गया। युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस 19वें रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, नगर पालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन नखराली एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मालवीय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा—"गुना गुलाब



और गुनिया देखेगी दुनिया..." उन्होंने युवाओं से रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि अब ब्लॉक स्तर पर भी युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों से आई प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को 35 हजार रुपये तक के मासिक पैकेज पर रोजगार देने के लिए पहुंची हैं। साथ ही गुना को गुलाबों का शहर बनाने की दिशा में युवाओं से सहभागिता की अपील की। प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन ने कहा कि स्वरोजगार मेले युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उत्कृष्ट मंच हैं, जहां उन्हें कौशल प्रशिक्षण, व्यवसायिक मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल रही है। कार्यक्रम में 3136 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 21 करोड़ 30 लाख रुपये के हितलाभ वितरित किए गए। वहीं 700 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 415 युवाओं का निजी क्षेत्र की 12 कंपनियों द्वारा प्रारंभिक चयन कर ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति अभियान को बढ़ावा देते हुए उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीणा, उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सतेंद्र ओझा, आजीविका मिशन के डीपी कम्थान, आईटीआई प्राचार्य श्वेता कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रह। युवाओं के सपनों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ता यह युवा संगम कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहा है।



समाचार संक्षेप

आरोन में लगने वाले मीना बाजार को लेकर विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

आरोन। नगर में प्रस्तावित मीना बाजार एवं मनोरंजन मेले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि विगत वर्षों में मेले के दौरान मारपीट, चाकूबाजी एवं अव्यवस्था जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बनता है।ज्ञापन में बताया गया कि इस वर्ष भी सब्जी मंडी के पास स्थित "सच्चे के बाड़े" में मेले के आयोजन की तैयारी चल रही है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि मेले की अनुमति देने से पहले पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।विहिप एवं बजरंग दल पदाधिकारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था करने की भी मांग उठाई। साथ ही कहा कि मेला आयोजनकर्ता भी कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के प्रति जिम्मेदार रहें।ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री, प्रखंड मंत्री दीपक ओझा एवं बजरंग दल प्रखंड संयोजक ऋतिक अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चोड़ारेश्वर धाम भागवत कथा एवं गुर्जरखेड़ी महायज्ञ में पहुंचीं अर्चना बल्लू चौहान भेंट की सहयोग राशि



चाचौड़ा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुना श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान ने क्षेत्र के धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करते हुए श्रद्धा और आस्था का परिचय दिया। वे चोड़ारेश्वर धाम पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुईं और कथा आयोजन समिति को सहयोग स्वरूप 10,000 रुपए की राशि भेंट की।इसके पश्चात श्रीमती चौहान ग्राम गुर्जरखेड़ी में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ में पहुंचीं, जहां उन्होंने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने यज्ञशाला समिति को 4,000 रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की।कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान ने कहा कि वे क्षेत्र में एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य और बेटे की तरह आती हैं। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, ₹अगर मुझसे कोई गलती हो जाए तो डांट-फटकार लेना, मैं लाइन पर आ जाऊंगा, लेकिन नाराज मत होना। चाचौड़ा विधानसभा मेरा घर है और यहां का हर परिवार मेरा अपना परिवार है।₹उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और सद्भाव का वातावरण बनता है। ऐसे आयोजनों में सहयोग करना उनका सौभाग्य है और भविष्य में भी उनका सहयोग इसी प्रकार जारी रहेगा। इस दौरान उनके साथ गुना जिला पंचायत सदस्य पवन भील (टटूजखेड़ी) भी उपस्थित रहे। आयोजन समितियों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

समय-सीमा बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क प्रतिदिन वीसी के माध्यम से की जाएगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित संबंधित जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पेयजल संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक क्षेत्र में कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए तथा जल स्रोतों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य 28 मई 2026 तक जारी रहेगा। अब तक 12 हजार 356 किसानों में से 8 हजार 752 किसानों ने गेहूं विक्रय किया है। जिले में 67 हजार 252 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है, जिसमें से अधिकांश का परिवहन एवं स्वीकृति कार्य पूर्ण किया जा चुका है। किसानों को 137.45 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर श्री कन्याल ने जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ताली बजवाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि टीमवर्क एवं समन्वय के माध्यम से जिले में जनगणना का कार्य समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिला गुना ने प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 48 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मार्च-अप्रैल 2026 में पूर्ण किया गया। जिला जनगणना अधिकारी श्री अखिलेश कुमार जैन के निर्देशन में 2600 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले में 2426 एचएलबी कार्य पूर्ण कर सत्यापन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।बैठक में कृषि उपज मंडी समिति गुना की उपलब्धि पर कलेक्टर द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। मंडी सचिव आरपी सिंह ने बताया कि अप्रैल 2026 में मंडी शुल्क आय 3 करोड़ 33 लाख रुपए रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। यह निर्धारित लक्ष्य से भी 28 प्रतिशत अधिक उपलब्धि है। साथ ही मंडी गुना में दिनांक 01 अप्रैल 2026 से ई मंडी प्रणाली अंतर्गत ऑनलाइन व्यवस्था को भी पूर्ण रूप से लागू किया गया है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित "ज्ञान भारतम् मिशन" अंतर्गत जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान जारी है। वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री सोनेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि अब तक जिले की 733 पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी हैं।

गंगा दशहरे पर विशेष गीता स्वाध्याय संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सांई धाम पार्ट-2 में भक्ति, अध्यात्म और संस्कारों का ऐसा संगम देखने को मिला...जहां श्रीमद्भगवद्गीता के पुरुषोत्तम योग पर विशेष स्वाध्याय का आयोजन किया गया। सांई धाम पार्ट-2 स्थित बृजमोहन शर्मा के निवास पर गंगा दशहरा एवं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर विशेष गीता स्वाध्याय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत गीता पूजन से हुई, जिसे प्रांतीय संरक्षक पंडित ओमप्रकाश पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। इसके बाद प्रेरणा गीत, गणेश वंदना, गुरु वंदना, गीता महात्म्य और श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' के संपूर्ण श्लोकों का पाठ कराया गया। भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य वक्ता नरेंद्र भारद्वाज ने गीता के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि संसार नश्वर है, लेकिन आत्मा अमर है। उन्होंने बताया कि ईश्वर रूपी वृक्ष की जड़ ऊपर होती है और उसकी शाखाएं नीचे फैलती हैं, जिससे यह संदेश मिलता है कि जीवन का मूल परमात्मा है। वहीं सुभाष त्रिवेदी ने सुभाषित के माध्यम से कहा कि मनुष्य का मन यदि सत्संग और भक्ति में लगे तो जीवन सफल हो जाता है। बलवीर सिंह यादव ने गृहस्थ जीवन को तपोवन बताते हुए परिवार और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। साकेत रघुवंशी ने पति-पत्नी के सामंजस्य को श्रेष्ठ गृहस्थ जीवन की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में अंकित पाण्डेय, आशीष भार्गव, सुरेश श्रीवास्तव, अंजना सोनी, नंदनी सोनी, पंडित रामकुमार तिवारी, वीरेंद्र भार्गव सहित अनेक श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने बृजमोहन शर्मा को विवाह वर्षगांठ की वैदिक मंत्रों के साथ शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बृजमोहन शर्मा ने कहा कि आज के समय में जहां लोग केक काटकर और मोमबत्ती बुझाकर वर्षगांठ मनाते हैं, वहीं गीता स्वाध्याय और मंत्रोच्चार के बीच मिला यह आशीर्वाद उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। गीता ज्ञान, सत्संग और संस्कारों से सजा यह आयोजन श्रद्धा और भारतीय संस्कृति की जीवंत मिसाल बन गया।

नियमित सेवा देकर कर रहे हैं जल सेवा



गुना। "भीषण गर्मी... तपती धूप... और सफर में प्यास से परेशान यात्री...लेकिन इसी बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं... जो मानव सेवा को ही अपना धर्म मानकर लगातार जल सेवा में जुटे हुए हैं। वरिष्ठ नागरिक और स्काउट-गाइड के कार्यकर्ता इन दिनों रेलवे यात्रियों के लिए राहत बनकर सामने आए हैं। गर्मी के इस प्रचंड मौसम में जहां लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। वहीं शहर के वरिष्ठ नागरिक और स्काउट-गाइड के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। विशेष रूप से अनारक्षित डिब्बों में सफर करने वाले यात्रियों को पानी की सबसे ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में ये सेवाभावी लोग मग्गों और पानी की बोतलों के माध्यम से यात्रियों की प्यास बुझा रहे हैं। जल सेवा को निरंतर बनाए रखने के लिए पानी को ठंडा करने हेतु बर्फ की व्यवस्था भी की जा रही है। सुनील बर्फ फैक्ट्री के संचालक अशोक अवस्थी पिछले दो वर्षों से निशुल्क बर्फ उपलब्ध कराकर इस पुण्य कार्य में सहयोग दे रहे हैं। आज की जल सेवा में श्रीमती राखी नामदेव, श्रीमती कविता शिवहरे, सुरेंद्र शर्मा, सुनील रघुवंशी, अमित उपाध्याय, रवि पलिया, प्रद्युम्न शर्मा, उमाशंकर भार्गव और नन्हे बालक शिवांश शर्मा ने भी उत्साहपूर्वक अपनी सेवाएं दीं। "गर्मी में प्यासे यात्रियों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। हम सभी मिलकर मानव सेवा का यह कार्य लगातार करते रहेंगे। "भीषण गर्मी में राहत की बूंदें बांटते ये लोग समाज को सेवा और संवेदनशीलता का संदेश दे रहे हैं।



भक्ति की गूंज... मंत्रों की अनुगूंज... और श्रद्धा से सराबोर पूरा गांव... ग्राम भैंसाना के यज्ञ महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुए बल्लू चौहान परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

क्षेत्र के ग्राम भैंसाना में आयोजित यज्ञ महाआरती कार्यक्रम में उस समय भक्तिमय माहौल और खास हो गया, जब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान और समाजसेवी बल्लू चौहान परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम भैंसाना में आयोजित यज्ञ महाआरती और भजन संध्या कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी। धार्मिक अनुष्ठानों, मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान एवं समाजसेवी बल्लू चौहान ने परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर महाआरती में सहभागिता की। वहीं बमोरी विधानसभा के विधायक ऋषि अग्रवाल भी

बमोरी विधानसभा के विधायक ऋषि अग्रवाल भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे

अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। मंच पर आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे नजर आए बल्लू चौहान ने श्रद्धालुओं के साथ भजन-कीर्तन का आनंद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि चक लहरचा स्थित हनुमान जी महाराज के मंदिर का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ है और धार्मिक आयोजनों में शामिल होना सौभाग्य की बात है। बल्लू चौहान ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में जनसहभागिता हमारी संस्कृति और आस्था को मजबूत करती है। क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं..." "आस्था, संस्कृति और सामाजिक सहभागिता का संगम बने ऐसे आयोजन गांवों की धार्मिक परंपराओं को नई ऊर्जा दे रहे हैं।

हुकुमत में भले बड़े पद पर पहुंच जाना पर अपने भाई पर हुकूमत मत चलानाः मुनिश्री सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



सत्ता और हुकूमत का शौक सभी को होता है होना भी चाहिए यदि आपको राजा बनना है तो राजा के साथ रहने की विधि सीखना होगी। नेता बनना है तो अपने नेता की प्रशंसा करते हुए उसके हर काम में सहयोगी बनना चाहिए। राजा और राज्य दोनों में भी विभाजन होता है राजा राम के समय हुआ। पर हुकूमत अपनों पर नहीं होना चाहिए जब राजा-राम गद्दी पर बैठने लगे तो और लक्ष्मण को अलग राज्य देना चाहा तो लक्ष्मण कहते हैं कि मुझे राज्य नहीं चाहिए। लेकिन श्री राम ने छोटे भाई शत्रूधन को मथुरा का राज सौंपा, यह भाई बांट होती है। हुकुमत में भले बड़े पद पर पहुंच जाना लेकिन अपने छोटे भाइयों पर हुकूमत मत करना, नहीं तो राज्य बिगड़ जायेगा, घर बिगड जायेगा। उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि राजा बनना चाहता है उसका उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाना होता है क्योंकि राजा अन्यायी है प्रजा को न्याय दिलाने के प्रजा के सुख के लिए अच्छे राजा युद्ध तक लड़ जाते हैं। श्री कृष्ण ने मथुरा की प्रजा को सुखी बनाने के लिए राजनेता चढ़ने वाले सीडी को तोड़कर आगे बढ़ता है वहीं धर्म नेता अपने पीछे की सीडी को देख कर चलता है कि कहीं पीछे की सीढ़ी टूट तो नहीं गए। यदि सीढ़ी को कुछ भी क्षति पहुंची है तो धर्मात्मा उसको सुधारकर आगे बढ़ाता चला जाता है।

सामुदायिक भवनों के लिए राशि स्वीकृत

ईसागढ़। कल्चुरी राय समाज को 5.40 लाख की राशि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए और नामदेव समाज ईसागढ़ के लिए 5.40 लाख सामुदायिक भवन निर्माण के लिए चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने विधायक निधि से राशि स्वीकृत की है। यह राशि वित्तीय 2026-27 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में स्थित ईसागढ़ नगर में कल्चुरी राय समाज और नामदेव समाज निर्माण कार्य में उपयोग की जाएगी। कल्चुरी राय समाज के अध्यक्ष कैलाश राय(बटल्लू) ने बताया कि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी से समाज के लिय सामुदायिक भवन की मांग की गई थी जो विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने हमारी मांग पूरी कर 5.40 लाख की राशि स्वीकृत हो गई है।

शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



आगामी ईदुज्जुहा त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि ईदुज्जुहा का त्यौहार 28 मई को प्रातः 07 बजे पुराना बस स्टेण्ड से जुलूस निकाला जायेगा,जो एचडीएफसी चैराहे होते हुए ईदगाह पहुंचेगा। प्रात 08 बजे ईदगाह पर ईदुज्जुहा की नमाज अदा की जायेगी। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि जिला हमेशा से ही आपसी सद्भाव और शांति का प्रतीक रहा है। ईदुज्जुहा का त्यौहार सौहार्दपूर्ण व आपसी भाई चारे के साथ मनाए। सभी की भावनाओं का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान से किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होती है तो उस पर त्वरित कार्यवाही जाए। सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर संबंधित विभागों द्वारा पूर्ण रूप से अमल किया जाकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में सभी त्यौहार आपसी भाईचारे एवं परस्परा सामंजस्य के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाए। सभी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। बैठक में ईदुज्जुहा 28 मई तथा आगामी मोहर्रम त्यौहार की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, एसडीओपी विवेक शर्मा सहित अधिकारीगण, जिला स्तरीय समिति के अशासकीय सदस्यगण उपस्थित रहे।

किसान मोर्चा की बैठक में आगामी गतिविधियों को लेकर रूपरेखा की तय



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अशोकनगर की कामकाजी बैठक का आयोजन 25 मई शाम 6 बजे जिला अशोकनगर में रखी गई थी। जिसमें मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ग्वालियर संभाग प्रभारी मेघ सिंह गुर्जर (पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) एवं सह कार्यालय मंत्री नरेन्द्र शर्मा रहे एवं बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने की। जिसमें देश के प्रधानमंत्री की मन की बात किसानों के साथ 31 मई 2026 को होने वाले प्रसारण की रूपरेखा बनाई गई जिसमे प्रत्येक मंडल में किसानों तक मन की बात के प्रसारण में सहभागिता सुनिश्चित हो सकें। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी, नंदलाल यादव भाजपा जिला पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह यादव, लखन रघुवंशी लखन यादव सलिल त्रिपाठी, सनत शर्मा दिनेश रघुवंशी, महेंद्रसिंह यादव लालू,प्रांजल जैन किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी शिवा शर्मा, लक्ष्मी कुमार यादव, हरगोविंद लोधी, कृष्ण गोपाल पालीवाल, प्रदीप शर्मा, मंटू यादव, रणवीर सिंह, मोनू देवरिया,अपेश रघुवंशी, शरद रघुवंशी, अजय सेन, मैया यादव, ज्ञानचंद जैन, अरुण सिंह, वरुण मयंक भार्गव, शिव रघुवंशी, रविंद्र यादव, गजेंद्र यादव, संजीव, राजकुमार आदि अनेक जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसान मोर्चा की आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श भी किया गया जिसमें किसानों को समय पर खाद, भीषण गर्मी में पर्याप्त बिजली, उपज तोल उपरांत समय सीमा में भुगतान आदि अनेक विषय पर वरिष्ठ नेतृत्व को अवगत कराया जाने का निर्णय लिया गया।

सगी बुआ ने किया था एक लाख रूपए में सौदा

नाबालिग के अपहरण के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा तत्परता, संवेदनशीलता एवं पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए मात्र 06 घंटे के भीतर अपहरण काण्ड का सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर नाबालिग आदिवासी बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन सहित एक महिला आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जिले के थाना ईसागढ़ क्षेत्रांतर्गत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही घटना के संबंध में थाना ईसागढ़ पर धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में तत्काल विशेष रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभकिया गया। उल्लेखनीय है कि 23 मई को प्रातः लगभग 5 बजे नाबालिग बालिका घर से बाहर शौच हेतु निकली थी, तभी पूर्व से घात लगाए बैठे आरोपियों द्वारा उसे जबरन वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा बिना विलंब किए तीन विशेष संयुक्त टीमों का गठन किया गया एवं अलग-अलग रणनीतिक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रथम टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों की सहायता से लगातार विश्लेषण किया गया। दूसरी टीमों द्वारा स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों, होटल, ढाबों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन आदि पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

महिला आरोपी और दो युवकों को गिरफ्तार किया

तकनीकी एवं मैदानी इनपुट के आधार पर आरोपियों के राजगढ़ जिले की ओर जाने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस की तीनों टीमें तत्काल रवाना हुईं। पुलिस टीम द्वारा ब्यावरा के समीप घटना में प्रयुक्त वाहन सहित महिला आरोपी गुड्डी बाई गुर्जर, नीरज जोगी एवं प्रेम गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा नाबालिग बालिका एवं एक अन्य आरोपी को नजीराबाद क्षेत्र में छोड़ने की जानकारी दी गई। तत्पश्चात पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा नजीराबाद क्षेत्र में घेराबंदी कर शेष आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग बालिका को सकुशल मुक्त कराया गया।

सगी बुआ ने ही किया था एक लाख में सौदा

पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में अत्यंत गंभीर एवं चैंकाने वाला तथ्य सामने आया कि उसकी सगी बुआ द्वारा ही 1 लाख में बालिका का सौदा आरोपी गुड्डी बाई गुर्जर से किया गया था। उक्त सौदे के तहत आरोपी गुड्डी बाई गुर्जर ने अपने भाई लखन गुर्जर, प्रेम सिंह गुर्जर एवं नीरज जोगी के साथ मिलकर पूरी वारदात की साजिश रचकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा पीड़िता की सगी बुआ को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। ईसागढ़ पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग आदिवासी बालिका को सकुशल मुक्त कराकर वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रखवाया गया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 140 (3), 143(3), 87, 115(2), 75(1) (प), 3 (5) बीएनएस, धारा 3(1) (त), 3(2) (अ),3(1) (द) (प) एससी/एसटी एक्ट एवं धारा 7/8, 9 (1)/10 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी गुड्डी बाई गुर्जर, लखन गुर्जर, प्रेम सिंह गुर्जर एवं नीरज जोगी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

जनसुनवाई में 330 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से 330 आवेदकों द्वारा अपनी शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जिन्हे कलेक्टर ने कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम पठारी निवासी सुनीता द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम पिपरेसरा निवासी भूरालाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलवाए जाने, ग्राम हसली निवासी जानकी बाई द्वारा सीमांकन करवाए जाने, कबीरा रोड अशोकनगर निवासी रामराजा यादव द्वारा पानी की समस्या निवारण करवाए जाने, शाढौरा निवासी रणवीर द्वारा पट्टा दिलवाए जाने, मुंगावली निवासी लाडो बाई द्वारा आवास पट्टा दिलवाए जाने, पिपरेसरा निवासी प्रेम सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलवाए जाने, ग्राम नीमखेड़ा निवासी कुशुम बाई द्वारा सीमांकन करवाए जाने, ग्राम वम्मन खिरिया निवासी पार्वती प्रजापति द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलवाई जाने सहित अन्य आवेदन आवेदकों से प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बाईक की टक्कर से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत अशोकनगर विदिशा सड़क मार्ग पर कोयल घाटी के समीप बाईक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक धनीराम पुत्र सुजान सिंह कुशवाह उम्र 60 साल निवासी सूखा आमखेडा है पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर घर में घुसकर लाखों के गहने चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के सामने गोपाल बिहार कॉलोनी निवासी अरूण पुत्र हरि सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात्रि में फरियादी के घर में घुसकर अज्ञात चोर सोनी चांदी के जेवर व नगदी 3 लाख रूपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी राय निवासी आदित्य सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा पछार निवासी नरेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलोना निवासी माखन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल यादव और सीमाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जयपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि माखन सिंह, कन्हईराम, मिथलेश बाई और विशन बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

एईडीपी पाठ्यक्रम में छात्र छात्राओं को प्रवेश का सुनहरा मौका

अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बी.कॉम. एच.आर. संचालित है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने बताया कि एईडीपी पाठयक्रमों की विशेषता यह है कि छात्रों को स्नातक की पढाई के अंतिम वर्ष में 06 से 12 महीनें की अप्रेंटिसशिप दी जायेगी, जिसमें उन्हें न्युनतम रू. 12000 प्रतिमाह का स्टाईपेंड भी मिलेगा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के सुराना ने बताया कि यह पाठयक्रम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा बल्कि उन्हें व्यवहारिक अनुभव एवं उद्योगों से जुडाव का भी अनुभव प्रदान करेगा । बी.कॉम. की डिग्री के साथ साथ रोजगार की बेहतर संभावनायें भी मिलेंगी । यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र/छात्रायें जिन्होंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इस पाठयक्रम के लिये आवेदन कर सकते हैं । अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय में पाठयक्रम प्रभारी शिवसेवक चैधरी एवं अर्चना शर्मा से वाणिज्य विभाग में सम्पर्क किया जा सकता है।

नेत्र शिविर आयोजित किया गया

अशोकनगर। करुणा निधि सेवा समिति का निःशुल्क नेत्र शिविर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से संपन्न हुआ। करुणा निधि के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी करैया राय ने बताया कि इसमें 60 मरीजों की जांच हुई और 20 को चिन्हित कर सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर लटेरी भोजन करा कर भेजा गया। इसमें डॉक्टर शिव गणेश, अनिल पटेल एवं रोटरी का विशेष सहयोग रहा इस मौके पर करुणा निधि के कोषाध्यक्ष पारस चंद्र जैन रोटेरियन रोशन कोहली अशोक रघुवंशी एवं अमरलाल मौजूद रहे।

बस स्टैंड का पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नामकरण का लोकार्पण

गंगा दशहरा पर तुलसी सरोवर विशाल गंगा आरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर के नवीन बस स्टैंड का नामकरण अब आधिकारिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर कर दिया गया है। लंबे समय से किसी आधिकारिक नाम की प्रतीक्षा कर रहे इस बस स्टैंड को अब नई पहचान मिलने से स्थानीय निवासियों में हर्ष है।

इस अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बस स्टैंड पर नवनिर्मित भव्य ग्लो शाइन गेट का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बटन दबाकर जैसे ही गेट की विद्युत सज्जा को चालू किया गया, पूरा बस स्टैंड परिसर दूधिया रोशनी से जगमगा उठा।

कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए शहर के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष, जजपाल सिंह पूर्व विधायक, मनोज शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, विनोद उननीतान सी.एम.ओ. नगर पालिका साथ ही नगर पालिका के समस्त पार्षद गण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शहर के विकास में एक और कदम


अशोकनगर के इस प्रमुख बस स्टैंड के नामकरण से क्षेत्र को एक नई पहचान मिली है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के गौरव अटल जी के नाम पर बस स्टैंड का नाम होना पूरे शहर के लिए सम्मान की बात है। नवीन गेट की आकर्षक लाइटिंग ने बस स्टैंड की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं, जिससे यात्रियों को भी एक बेहतर और व्यवस्थित अनुभव प्राप्त होगा।

नगर पालिका द्वारा शाम 7 बजे तुलसी सरोवर पर मां गंगा की विशाल आरती की गई

नगर पालिका परिषद के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत 25 में को गंगा दशमी पर शासन के निर्देशानुसार प्रातः है 7.00 बजे तुलसी सरोवर तालाब पर पहुंचकर स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर साकेत मालवीय साइकिल से पहुंचे साथ ही एडीएम डीएन सिंह जिला सीईओ राजेश कुमार जैन नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान पूर्व विधायक जजपाल सिंह सहित नगर पालिका का पूरा अमला एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान तालाब के आसपास की बेहतरीन घाट के नीचे पड़ी हुई गंदगी की सफाई की गई और स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सायंकाल 7 बजे तुलसी सरोवर तालाब पर विसर्जन घाट के किनारे मां गंगा की विशाल आरती की गई जिसमें विधिवत पूजन अर्चन कर पधारे हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां गंगा की आरती की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक जसपाल सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित सभी पार्षद गण एवं मठ मंदिरों से पधारे हुए पुजारी सहित आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

सेन समाज के मंदिरों पर दबंगों का कब्ज़ा

सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के बाद भी कार्रवाई अटकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में सेन समाज के प्राचीन मंदिरों और उनके भवनों पर रसूखदारों द्वारा अवैध कब्जे और दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है।

इस संबंध में सेन समाज वृहद चंदेरी एवं श्री गणेश हरसिद्धि माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश नारायण सेन ने मंगलवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी चंदेरी को जनसुनवाई में आज पुनः आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन धार्मिक स्थलों को मुक्त नहीं कराया गया,तो समाज को मजबूर होकर वरिष्ठ स्तर पर उग्र कदम उठाना पड़ेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव (वल्लभ भवन, भोपाल) द्वारा इस शिकायत को 181 सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर कलेक्टर अशोकनगर को भेजा गया था। वहाँ से इसे त्वरित कार्रवाई के लिए तहसील कार्यालय चंदेरी भेजा गया।

उदासीनता का आलम

ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश नारायण सेन ने बताया कि तहसील कार्यालय ने खुद कार्रवाई करने के बजाय मामले को थाना प्रभारी चंदेरी की ओर ट्रांसफर कर दिया। जब 3 मई 2026 को पुलिस ने वस्तुस्थिति समझने के लिए प्रार्थी को थाने बुलाया, तो पता चला कि नियमानुसार बेदखली और कार्रवाई का आदेश तो तहसीलदार या एसडीएम को ही जारी करना है। विभागों के बीच फुटबॉल बन रही इस फाइल के कारण समाज में भारी आक्रोश है। आवेदन में मुख्य रूप से दो प्रमुख मंदिरों के भवनों पर अवैध कब्जे का जिक्र किया गया है, जिसके साक्ष्य (07 फोटोग्राफ्स) भी प्रशासन को सौंपे गए हैं। हरसिद्धि माता मंदिर आरोप है कि डुंगासरा पंचायत विभाग के मंत्री सतपाल सिंह पँवार द्वारा श्री श्री 1008 श्री हरसिद्धि माता मंदिर के भवन का व्यावसायिक दोहन और दुरुपयोग किया जा रहा है। वे न तो ट्रस्ट को किराया दे रहे हैं और न ही भवन खाली कर रहे हैं। धुंधराज बड़ा गणेश मंदिर) यहाँ नरेंद्र तिवारी, महेंद्र तिवारी, सुरेंद्र तिवारी और पुजारी उमाशंकर तिवारी पर जबरन कब्जा करने का आरोप है।

'गुरू के वचन सूर्य के प्रकाश के समान हैं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय वेदांत भवन में मानस मर्मज्ञ पंडित रामहृदय दास जी महाराज ने रामकथा के अंतिम दिन गुरू की महिमा और राम कथा पर प्रवचन प्रदान किए। गुरू की महिमा पर प्रवचन देते हुए उन्होंने कहा कि गुरू के वचन सूर्य के प्रकाश के समान है, सूर्य का काम है अंधकार का हरण करना। सूर्य का प्रकाश अज्ञानता के अंधकार को कम करता है।

उन्होंने कहा कि गुरू की इतनी कक्षाएं हैं जिसमें शिष्य के स्वरूप का वर्णन किया गया है। शिष्य आज्ञाकारी भी हो और आज्ञा का उल्लघंन न करने वाला हो यदि वह उल्लघंन करने वाला है तो वह शिष्य नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने राम कथा के एक एक प्रसंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब सूर्पनखा जब सुंदरी का रूप धारण कर रामजी और लक्ष्मण जी के पास जाती है तब पहले वह विवाह का प्रस्ताव रामजी के समक्ष रखती है। तो राम जी कहते हैं कि वह तो शादी सुदा हैं उन्होंने लक्ष्मण की ओर इशारा किया कि उनसे बात करें, जब सूर्पनखा छोटे भाई लक्ष्मण के पास जाती है तो वह कहते हैं कि मेरे साथ अगर रहना है तो जंगल में लकडी काटना होगा, तुम्हे रामजी से विवाह करना चाहिए वह इस जगत के राजा हैं वह रामजी के पास जाती है रामजी लक्ष्मण जी के पास भेज देते हैं, लक्ष्मण जी फिर रामजी के पास भेज देते हैं तब सूर्पनखा को समझ में आता है कि वह दोनों आपस में एक दूसरे के पास भेज रहे हैं जब सूर्पनखा नहीं मानती तब लक्ष्मण जी उसके नाक और कान काट देते हैं। जब सूर्पनखा के हाथ में कटे हुए नाक और कान आते हैं तो वह खरदूषन के पास पहुंचती है और सारी बात बताती है। तब खरदूषण सेना लेकर पहुंचते है तब भगवान श्रीराम ने सारी सेना का एक बार में ही विनाश कर दिया। तब सूर्पनखा रावण के पास पहुंचती है और रावण पूंछता है कि वह खरदूषण के पास क्यों नहीं गई, तब रावण को बताती है कि उन्हें उन्होंने मार दिया है।

रावण ने एक रात में निर्णय लिया, यदि मरना ही है तो राम के हाथों मरना होगा, उन्होंने मारीज का बुलाया और कहा कि उसे राम के पास सीता का हरण करने पहुंचना है। मारीच ने सोचा कि अगर नहीं गया तो यहां मरना पडेगा और गया तो वहां मरना पडेगा इससे तो अच्छा यह है कि वहीं जाकर मरना ठीक रहेगा। रावण के मन में यह विचार आया कि अगर वह साधारण मनुष्य हैं तो मारे जाएगें और अगर परमात्मा हैं उनके हाथों मुक्ति मिलेगी। इस कथा में उन्होंने बारी बारी से रामकथा के पूरे प्रसंगों पर चर्चा की और किस तरह मेघनाथ, कुम्भकरण और रावण की मृत्यु भगवान राम के हाथों होती हैं और किस तरह वह 14 वर्ष का वनवास पूरा कर वापिस अयोध्या लौटते हैं। इस रामकथा का आयोजन मलावनी परिवार की ओर से सुरेन्द्र, देवेन्द्र, मनोज रघुवंशी और जयप्रकाश रघुवंशी परिवार की ओर से किया जा रहा था। रामकथा के बाद हवन का आयोजन किया गया, वुधवार को वेदांत भवन में भण्डारें का आयोजन किया जाएगा।

आधार संशोधन के नाम पर महिला से तीन हजार की ठगी

लड़की की जगह लिख दिया लड़के का नाम, अब छह हजार की और मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आधार कार्ड में सुधार कराने के नाम पर चंदेरी में एक गरीब महिला से न केवल हजारों रुपये ऐंठ लिए गए, बल्कि बड़ी लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। सुधार करने के बजाय कंप्यूटर ऑपरेटर ने महिला की बच्ची के आधार कार्ड में सरनेम बदल दिया और लड़की की जगह लड़के का नाम दर्ज कर दिया।

पिछले 6 महीने से परेशान पीड़ित महिला जब आज मंगलवार को पुनः एसडीएम कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंची,तो अपनी आपबीती सुनाते हुए वह भावुक हो गई और उसकी आंखों से आंसू छलक पड़े। महिला ने नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता को आवेदन देकर न्याय और आरोपी संचालक आना जाना वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

तीन हजार लेने के बाद भी बिगाड़ दिया रिकॉर्ड

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला किरण पाल अपनी बच्ची के आधार कार्ड में कुछ मामूली संशोधन कराने के लिए चंदेरी अस्पताल के नजदीक,डॉक्टर क्वार्टर्स के सामने स्थित आना-जाना नामक कंप्यूटर ऑनलाइन की दुकान पर गई थी। दुकान संचालक ने इस काम के बदले महिला से 3000 की मोटी रकम वसूल ली। मोटी रकम लेने के बावजूद संचालक ने घोर लापरवाही बरतते हुए बच्ची के आधार कार्ड में लड़की की जगह लड़के का नाम और गलत सरनेम दर्ज कर दिया।

अब सही करने के नाम पर मांग रहा छह हजार

पीड़ित महिला पिछले 6 महीनों से इस शासकीय दस्तावेज को ठीक करवाने के लिए भटक रही है। महिला का आरोप है कि जब उसने ऑनलाइन संचालक से इस गलती को सुधारने को कहा,तो उसने साफ शब्दों में कह दिया कि यदि अब इसे सही करवाना है, तो छह हजार और देने होंगे। संचालक की इस धमकी और अवैध मांग से परेशान होकर पीड़ित महिला पूरी तरह टूट चुकी है।

एक हफ्ता बीतने के बाद भी प्रशासन मौन

महिला ने करीब एक सप्ताह पहले चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर को लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत की थी। लेकिन एक हफ्ता गुजर जाने के बाद भी जब प्रशासनिक स्तर पर दोषी दुकानदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो महिला आज मंगलवार को दोबारा जनसुनवाई में पहुंची। इस बार उसने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता को अपनी आपबीती सुनाई।

एसपी ने जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।



रोती हुई जनसुनवाई में पहुंची बुजुर्ग महिला

कलयुगी बेटे डॉक्टर और मास्टर बेटों ने मां को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिस मां ने पाल-पोसकर बेटों को इस काबिल बनाया कि एक डॉक्टर बन गया और दूसरा मास्टर (शिक्षक), आज उसी मां को बुढ़ापे के इस पड़ाव पर बेटों और बहुओं ने धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। दिल को झकझोर देने वाला यह मामला मंगलवार को चंदेरी तहसील कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में सामने आया। अपनी आपबीती सुनाते हुए बुजुर्ग महिला की आंखों से आंसू छलक पड़े, जिसे देख वहां मौजूद हर शख्स हैरान और भावुक हो गया।

बाथरूम जाने पर मारते हैं ताने, करते हैं मारपीट का प्रयास

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदेरी के वार्ड क्रमांक 11 की निवासी पुष्पा विश्वकर्मा (उम्र लगभग 65-70 वर्ष) अपनी फरियाद लेकर लाठी के सहारे एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। बुजुर्ग महिला ने रोते हुए बताया कि उनके बेटे और बहुएं उनके साथ आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश करते हैं। पीड़ित महिला ने बताया, बहू कहती है कि तुम बाथरूम करने के लिए बाहर जाया करो। वैसे तो यहां-वहां घूमती रहती हो, लेकिन बाथरूम करने के लिए अंदर आ जाती हो। बुजुर्ग मां ने रुंधे गले से कहा कि उनके दो बेटे हैं एक डॉक्टर है और दूसरा मास्टर। समाज में प्रतिष्ठित पदों पर होने के बावजूद दोनों बेटों ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया है और इस उम्र में उन्हें घर से बेदखल कर दिया है। जिस उम्र में मां को सेवा और सम्मान मिलना चाहिए, उस उम्र में उन्हें दर-दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है।

नायब तहसीलदार ने सुनी पीड़ा,भरण-पोषण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

जनसुनवाई में मौजूद नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता ने बुजुर्ग महिला की इस गंभीर और संवेदनशील समस्या को बेहद ध्यानपूर्वक सुना। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे तुरंत एसडीएम के संज्ञान में लाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, एसडीएम की अनुशंसा के बाद अब दोषी बेटों के खिलाफ माता- पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी,ताकि बुजुर्ग महिला को उनका हक और न्याय मिल सके।

जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता व श्रमदान कार्यक्रम

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत बमनावर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत बमनावर में स्टॉप डेम सफाई, नदी गहरीकरण कार्य एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान संचालित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि मानव जीवन के लिए जल संरक्षण क्यों आवश्यक है। भविष्य में मानव जीवन जीने के लिए हम सभी को जल की एक-एक बूंद सहेजने के लिए सभी के समन्वित प्रयास से जल संरक्षण करना है। इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश सरकार यह अभियान संचालित कर रही है।

कार्यक्रम में ग्राम में कलश यात्रा के माध्यम से जल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से आमजनों के लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। यह यात्रा पूरे ग्राम से होते हुए ग्राम की नदी तक पहुंची। नदी पहुंचकर गहरीकरण हेतु सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत बमनावर में जल पंचायत का आयोजन किया गया।जल पंचायत के मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है जल को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर साकेत मालवीय ने जल पंचायत में ग्रामीणों को जल संरक्षण का रेन वाटर हार्वेस्टिंग भूमिगत जल जैसे अन्य छोटे-छोटे कार्यों से जल को कैसे बचाया जाए इसके बारे में ग्रामीणों को बताया गया। संध्या काल में आरती आदि के आयोजन किए गए।

21 वर्षीय विवाहिता की मौत के बाद अस्पताल में मायके पक्ष का हंगामा

साहब, ससुराल वालों ने हमारी बेटी को करंट लगाकर मार दिया

सुसराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को मारने के संगीन आरोप, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़



मांगलियाखेड़ी गांव निवासी 21 वर्षीय विवाहिता की सोमवार रात्रि संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई। देवली गांव निवासी विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को करंट लगाकर मारने के आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि कार्यवाही उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए जिला





अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के पहले मृतिका के पति सहित मायके पक्ष के अन्य लोगों ने काफी समय तक हंगामा किया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी लगने पर उन्होंने तहसीलदार को अस्पताल भिजवाया एवं उनकी उपस्थिति में मृतिका का पोस्टमार्टम करवाया गया। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस मामले की सूक्ष्मता और हर पहलू से जांच कर रही है।

पति-पत्नी का रात्रि में हुआ था झगड़ा

जानकारी के अनुसार देवली गांव निवासी चंद्रकला तंवर का विवाह मांगलियाखेड़ी गांव निवासी राकेश तंवर से हुआ था। सब कुछ ठीक-ठीक चल रहा था लेकिन सोमवार रात्रि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। चंद्रकला के पिता बालकिशन की माने तो रात्रि में ससुराल पक्ष के लोगों का फोन आया कि आपकी बेटी और हमारे लड़के का झगड़ा हो रहा है। इस पर बालकिशन ने कहा कि आप दोनों का झगड़ा खत्म करवा दो, आप भी उसके माता-पिता हैं। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष से फोन आ गया कि चंद्रकला की मृत्यु हो गई है।

करंट से मारा गया हमारी बेटी को

मृतिका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी का हाथ जला हुआ था। करंट लगाकर उसकी हत्या की गई ताकि मर्डर के बारे में कोई सुराग न लग सके। बहरहाल, चंद्रकला की मौत की जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।

जुडिशियल अधिकारी की उपस्थिति में हुआ पीएम

चूंकि, चंद्रकला की मृत्यु संदेहास्पद जान पड़ रही थी ऐसे में तहसीलदार को बुलाकर सभी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार अगर हत्या की गई है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। काफी देर हुआ हंगामे के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुष्पा की तर्ज पर चंदन का परिवहन 11 चोर धराए

राजगढ़। बॉलीवुड फिल्म पुष्पा की तर्ज पर जिले में चंदन की लकड़ियों के परिवहन का मामला सामने आया है। चंदन चोर ब्रीफकेस में चंदन का परिवहन करते थे ताकि पुलिस से बचे रहें लेकिन राजगढ़, बोडा, नरसिंहगढ़ और लीमा चैहान पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा। अलग अलग जगहों से कुल 11 चंदन चोर पकड़े गए हैं जिनके पास से 45 किलो चन्दन बरामद किया गया है। वहीं वहां भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता के दौरान पूरे मामले पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार विगत दिनों राजगढ़, नरसिंहगढ़, बोड़ा, लीमाचैहान क्षेत्र में अनेक स्थानों के सरकारी आवासों से चंदन के पेड़ काटे गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। शाकिर अली पिता मुकीम अली निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, मुबारिक पिता रमजानी खां निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, अयान पिता आजाद शेख निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, बाबू उर्फ बब्बू पिता हुसैन खां निवासी भोई बाड़ा मोहल्ला सारंगपुर शामिल है। पूछताछ में आरोपी बाबू उर्फ बब्बू द्वारा बताया गया कि चोरी किया गया शेष चंदन उसने पूरसिंह पिता बापूलाल सौंधिया निवासी रामगंज खिलचीपुर, तवरेज पिता यासीन खान निवासी सदरगंज थाना तकिया जिला कन्नौज को बेच दिया है।

सनातन धर्म के तहत गाय को माता का दर्जा देने की रखी प्रशासन से की मांग

विहिप, बजरंग दल पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार दोपहर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग रखी गई कि सनातन धर्म के तहत गाय को माता का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि कुछ विधर्मी लोग गाय को काट कर खाने की बात करते हैं। बकरीद पर ऐसा संभव भी हो सकता है। ऐसे में शासन, प्रशासन को उक्त संभावित घटनाओं पर नजर बनाए रखनी चाहिए। यदि जिले में कहीं भी ऐसी घटनाएं सामने तो दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। यदि ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो विहिप, बजरंग दल को स्वयं मैदान में उतरकर गौरक्षा करनी होगी।

गोशाला में उचित व्यवस्था करने की भी मांग

जिले की कई गौशालाओं में गाय माता के लिए लाइट, पानी, चारे की उचित व्यवस्था नहीं है। वहीं, कई शहरों में गायें पॉलीथीन खाकर मृत्यु के गाल में समां रही हैं। प्रशासन सुनिश्चित करें कि पॉलीथीन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे एवं गौमाताएं काल के गाल में न समा पाएं। ज्ञापन के अवसर पर विभाग संगठन मंत्री भानू सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्या, मोहन सिंह सौलंकी, जिला मंत्री मयंक सक्सेना, गौरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, संतोष राणा, प्रकाश तंवर, हेमराज, लखन तंवर, दिव्यांशु सोनी, रामदयाल तंवर, पवन, मनोज पुष्पद, मोहित गौड़ तंवर, दुर्गेश, सुरेश हिन्दू, हेमराज, मुकेश, राकेश, रोहित, सुमित, मेहरबान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस



सारंगपुर। कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार शाम को नगर में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन से प्रारंभ होकर राजीव गांधी पार्क पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि बच्चों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नीट पेपर लीक प्रकरण ने लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, उम्मीदों और विश्वास को तोड़ने का काम किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की अनियमितताओं से परेशान है और सरकार इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कांग्रेस नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें तथा पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के युवाओं को न्याय और जवाब दोनों चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,पार्षद शमीर मेव,प्रमोद सदानी,लखन राजपूत,अभय सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


अर्से बाद अस्पताल से राहत की खबर

पहली वैस्कुलर सर्जरी, 29 वर्षीय महिला को मिल गई नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अर्से बाद जिला अस्पताल से कोई सकारात्मक खबर आई है।यहां पीडियाट्रिक एवं जनरल सर्जर डॉ अंकुर देशवाली और उनकी टीम ने 29 वर्षीय महिला के पैर से खून की नसों के खतरनाक गुच्छे को सुरक्षित बाहर निकालकर बडी सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि निजी अस्पताल में इस तरह की सर्जर पर लगभग 5 से 7 लाख रूपये का खर्च आता है। यही सर्जरी जिला अस्पताल राजगढ़ में पूरी निःशुल्क की गई।

राजगढ निवासी पूजा पति प्रशांत साहू पिछले चार सालों से अपने दाहिने पैर के घुटने के उपर बनने वाली एक अजीब गांठ से परेशान थी। गांठ कभी अचानक बढ़ जाती नीली पड़ जाती और तेज दर्द होने लगता था। वहीं कुछ समय बाद वह अपने आप गायब हो जाती थी। इस कारण मरीज और परिजन लंबे समय से चिंता और असमंजस में थे। मरीज ने जब जिला अस्पताल में सर्जन डॉ. देशवाली से परामर्श लिया तो उन्होंने विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण के बाद इसे सामान्य गांठ न मानते हुए वैस्कुलर मालफॉर्मेशन होने की आशंका जताई। इसके बाद सोनोग्राफी और सीटी स्कैन जैसी उच्च स्तरीय जांच



कराई गई। जांच में लगभग 5. बाई 5 सेंटीमीटर आकार के वैरकुलर ट्यूमर की पुष्टि हुई।

टीम की हुई सराहना

डॉ. देशवाली के नेतृत्व में डॉ. पोरवाल सहित चिकित्सा टीम ने पूरी सावधानी के साथ ऑपरेशन किया। चुकिं मामला खून की मुख्य नसों से जुड़ा था। इसलिए सर्जरी के दौरान अधिक रक्तस्त्राव का खतरा बना हुआ था। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह से सामान्य बनी हुई है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने जिला स्तर पर इतनी बडी सुपर स्पेशलिटी सर्जरी सफल होने पर डॉ. देशवाली और उनकी टीम की सराहना की है।

स्थानीय स्तर पर मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

सिविल अस्पताल में डायलिसिस यूनिट और हेल्थ एटीएम सेवा का मंत्री टेटवाल ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट एवं हेल्थ एटीएम सेवा का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के विजन तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर क्षेत्र के किडनी रोगियों को अब डायलिसिस के लिए इंदौर, भोपाल, उज्जैन जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। सिविल अस्पताल में प्रारंभ हुई डायलिसिस यूनिट से मरीजों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं सुलभ उपचार उपलब्ध होगा, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की बचत होगी।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चैहान के अनुसार डायलिसिस मशीन किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होने पर रक्त से विषैले तत्वों, अतिरिक्त पानी एवं अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने का कार्य करती है। मशीन रक्त को विशेष फिल्टर (डायलाइजर) से शुद्ध कर पुनः शरीर में प्रवाहित करती है, जिससे किडनी रोगियों को जीवनरक्षक उपचार मिलता है।

102 प्रकार की जांच करेगा हेल्थ एटीएम

सिविल अस्पताल में स्थापित हेल्थ एटीएम आधुनिक डिजिटल तकनीक से लैस है। इसके माध्यम से नागरिकों को 102 प्रकार की स्वास्थ्य जांचें कुछ ही मिनटों में उपलब्ध होंगी। इसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन सैचुरेशन, ईसीजी, तापमान, वजन, बीएमआई, हीमोग्लोबिन सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की जा सकेंगी। जांच रिपोर्ट तत्काल डिजिटल रूप में प्राप्त होगी, जिससे रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर उपचार संभव हो सकेगा। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सरकार प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एसडीएम रोहित बम्होरे,डॉ सरिता यादव,डॉ तस्लीम मंसूरी भाजपा नेता निर्मल जैन, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नीलेश वर्मा, पार्षद राकेश पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुधीर श्रीमाल, अरुण दीक्षित, रोगी कल्याण समिति के पदाधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान ने माना।

जनता ने जताया आभार

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने डायलिसिस यूनिट एवं हेल्थ एटीएम जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम बताया।

पं. दीनदयाल रसोई योजना का सीएमओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



सारंगपुर। मंगलवार को नगरपालिका परिषद सारंगपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे ने पंडित दीनदयाल रसोई योजना केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे सस्ते और पौष्टिक भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। सीएमओ रानवे ने रसोई संचालकों को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता बनाए रखते हुए आम नागरिकों को शुद्ध एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही परिसर में स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए भी कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। सीएमओ ने कहा कि रसोई केंद्र पर आरओ वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जरूरतमंद लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। सीएमओ रानवे ने स्पष्ट रूप से कहा कि योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका सारंगपुर के स्वच्छता प्रभारी निरीक्षक सतीश कंडारे भी उपस्थित रहे।

दाऊदी बोहरा समाज ने अदा की ईद-उल-अदा की नमाज, अमन-चैन व भाईचारे की मांगी दुआ



सारंगपुर। मंगलवार सुबह बोहरावाड़ी स्थित दाऊदी बोहरा मस्जिद में ईद-उल-अदा का पर्व श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 6:50 बजे जनाब शेख आमिल, हुजैफा भाई ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। नमाज में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। नमाज के पश्चात जनाब हुजैफा भाई ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की। उन्होंने समाजजनों को अच्छे कार्य करने, गरीबों की सहायता करने तथा आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही ब्याज, तंबाखू, सिगरेट और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग लड़ाई-झगड़ों और गलत कार्यों से दूर रहकर बेहतर व्यापार करें तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखें। इस अवसर पर शेख आता हुसैन भाई, मुल्ला मोइज भाई, मुल्ला अब्बास भाई, शब्बीर भाई पेटी, कुर्बान हुसैन, मुजफ्फर भाई, नूर हसन भाई, सेक्रेटरी मुस्तफा अली भाई, जाकिर सैफी, तय्यब अली,

"जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" के अंतर्गत कई जगह किए गए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गंगा दशहरा पर कालीसिंध घाट पर हुआ भव्य महाआरती और दीपदान संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चल रहे "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार रात्रि को सारंगपुर नगर के कपिलेश्वर महादेव मंदिर के समीप कालीसिंध नदी घाट पर भव्य पूजन, महाआरती एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर के अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने की।

इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर माँ कालीसिंध को चुनरी अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा भव्य गंगा आरती में सहभागिता की। उन्होंने नगरवासियों के साथ प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंत्री टेटवाल ने कहा कि "माँ कालीसिंध केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला हैं। उनका संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है।" उन्होंने उपस्थित नागरिकों से नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा नदी में कचरा एवं अपशिष्ट नहीं डालने की अपील की। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग कर रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी जनसहभागिता के साथ अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती भावना नीलेश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह जनपद पंचायत सीईओ हेमेन्द्र गोहिल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित रहे।

गंगा दशहरे पर दीपों से जगमगाया जमात मंदिर घाट



नरसिंहगढ़। शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरे के अवसर पर जनपद क्षेत्र में विभिन्न जल स्त्रोतों पर स्वच्छता एवं संरक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्राम पंचायतों में स्थित कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों पर श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। इसी क्रम में जल मंदिर तालाब स्थित जमात मंदिर घाट पर गंगा आरती, दीप यज्ञ एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, एसडीएम सुशील कुमार, सीएमओ अभिषेक जैन, जनपद सीईओ शालिनी काँचकार, नायब तहसीलदार आनरिक कनोदिया, महंत दीपेंद्र दास गुरुकुलम एवं आचार्य डॉ. जगदीश शास्त्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जनपद सीईओ ने बताया कि जनपद स्तरीय आयोजन के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी गंगा दशहरे पर जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत गादिया स्थित 500 वर्ष पुरानी गुरु महाराज बावड़ी में स्वयं श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्य में भाग लिया।

गंगा माता की महाआरती उतारकर किया दीपदान



जीरापुर। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर संध्याकाल के समय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह की उपस्थिति में गंगा आरती करके दीप दान किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर , पार्षद हेमन्त जोशी, शिवचरण मंडलोई , कमल झावा कुशल कुशवाह जनप्रतिनिधि , परिषद सदस्यों द्वारा छापी बांध घाट पर गंगा माता की महा आरती कर दीपदान किया गया उसके पश्चात बैद्यनाथ म्यूजिकल ग्रुप आगर के भजन गायक विजय बागड़ी , काजल बागड़ी ग्रुप द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिन पर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तजन जमकर झूमे नाचे।

छापी बांध घाट की भी की साफ सफाई : गंगा दशहरा पर्व जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद जीरापुर द्वारा छापी बांध घाट की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोत जैसे कुआ बावड़ी नदी तालाब आदि के रखरखाव साफ सफाई सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण करना है। नगर परिषद द्वारा क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , हेमंत जोशी , गिरिराज जुलानिया शिवचरण मंडलोई , कुशल कुशवाह , कमल झावा , धीरपसिंह चैहान , चंद्रकला चैहान सहित अतिथि गण एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने छापी बांध घाट की सफाई कर श्रमदान किया। आम नागरिकों को भी जल स्त्रोत की साफ सफाई उनके रखरखाव और संरक्षण के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय , रमेश मालवीय , कमल भावसार , प्रवीण शर्मा , भगवान सिंह परिहार , आजाद झावा, राजेश झावा , राकेश मंडलोई उपस्थित रहे।

गंगा दशहरा पर निकली भव्य जल कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश



कुरावर। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था श्री गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा नगर पालिका परिषद एवं गायत्री परिवार के सहयोग से जल कलश यात्रा, जल स्त्रोत पूजन, संवाद कार्यक्रम एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में गंगा आरती एवं कलश पूजन के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता से भव्य जल कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निर्धारित जल स्त्रोत तक पहुंची, जहां विधि-विधान से जल स्त्रोत का पूजन किया गया। इसके पश्चात गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।